# कार्यालय प्रभारी गैराज, नगर निगम,सहारनपुर।

पत्रांकः 05 /निविदा/गै०स्टो०/न०नि०सहा०/2020-21 दिनांकः 22/07/20

## अल्पकालिक निविदा सूचना द्वारा ई-टैण्डर

नगर निगम सहारनपुर की सफाई व्यवस्था हेतु घरेलू कीटनाशकों की आवश्यकता होती है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में घरेलू कीटनाशकों की आपूर्ति हेतु दरें निर्धारित करने के लिये दिनांक 29.07.2020 को पुर्वान्ह 02:00 बजे तक वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर निविदाएं ठेकेदार/फर्मों से शर्तो के आधार पर आमन्त्रित की जाती है। सभी निविदाएं अभिलेख एंव शर्ते वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर दिनांक 22.07.2020 से दिनांक 29.07.2020 को पूर्वान्ह 02:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें, जहां से इसे डाउनलोड किया जा सकता है, तथा ठेकेदार/फर्म दिनांक 29.07.2020 को पूर्वान्ह 02:00 बजे तक वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर आनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है, ठेकेदार/फर्म को निविदा के साथ अंकन 2,00,000.00 रु0 जमानत राशि की एफ.डी.आर./सी.डी.आर. एंव निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट के रुप में जो लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के पक्ष में बंधक करा कर शर्तो में वर्णित समस्त प्रमाण पत्रो की छायाप्रति सहित स्वंय प्रमाणित कर दिनांक 29.07.2020 को सांयकाल 02:00 बजे तक ही वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर अपलोड करना होगा जोकि निविदादाता की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष दिनांक 29.07.2020 को सांयकाल 04:00 बजे खोले जायेगें। बिना जमानत राशि एंव सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, सहारनपुर में निहित होगा। उक्त निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते नगर निगम की वेबसाइट **saharanpurnagarnigam.in** व **www.etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| E Bid REFERANCE | GS- 02/2020-21 |
| PUBLISH DATE AND TIME FOR RFP | 22-07-2020 up to 5:00 PM |
| LAST DATE AND TIME FOR SUBMISSION OF E-Bids | 29-07-2020 at 2:00 PM |
| DATE AND TIME OF OPENING OF ON LINE TECHNICAL E-Bids | 29-07-2020 at 4:00 PM |
| PLACE OF OPENING OF E-Bids | Nagar Nigam Office (Sre.) |
| E-Bids SECURITY | Rs 2,00,000/- FDR/TDR/CDR |
| E-Tender Document Processing | 1100 +GST@18% = 1298/- DD (अप्रतिदेय) |

प्रभारी गैराज 22/7/20
नगर निगम, सहारनपुर

नगर स्वा0 अधि0
नगर निगम,सहारनपुर

पत्रांक एंव दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि -

1. माननीय महापौर महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
2. नगर आयुक्त महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ।
3. लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर को सूचनार्थ।
4. आई.टी.ओ., नगर निगम, सहारनपुर, को नगर निगम की वेबसाईट **saharanpurnagarnigam.in** पर अपलोड करने हेतु।
5. प्रबन्धक दैनिक ...अमर उजाला...एंव दैनिक ...हिन्दुस्तान........ समाचार पत्र को इस आश्य से कि उक्त सूचना का प्रकाशन अपने समाचार पत्र में कम से कम स्पेस में 09 फोन्ट में डीएवीपी दर/शासकीय दर पर प्रकाशित कर, बिल 3 प्रतियो सहित भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।
6. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
7. गार्ड फाईल हेतु।

प्रभारी गैराज
नगर निगम, सहारनपुर

नगर स्वा0 अधि0
नगर निगम,सहारनपुर

# सहारनपुर नगर निगम, सहारनपुर

## अल्पकालीन निविदा सूचना गैराज स्टोर

**GS-02** टैण्डर के सम्बन्ध में शर्तेः-

1. यह निविदा ई-टेण्डर के माध्यम से प्राप्त किया जाना है।
2. निविदा की दरें ई-टैण्डर के साथ दी गयी बी.ओ.क्यू. में दरें प्रति नग अनुसार निविदा डाल सकते है। उक्त दरें प्रति नग जी.एस.टी. सहित डालना होगा।
3. शासनादेश के अनुरुप पंजीकृत निविदादाता एम.एस.एम.ई. को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. निविदादाता के पास कीटनाशक की आपूर्ति हेतु पेस्टीसाईड लाईसेन्स का होना अनिवार्य है।
5. निविदादाता के पास कीटनाशक की आपूर्ति का सरकारी क्षेत्र/निगम में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। जिसका प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा।
6. निविदा डालते समय निविदा प्रपत्र का शुल्क 1298/- रुपये का ड्राफ्ट (जी.एस.टी. सहित)के रुप में लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के पक्ष में बना होना चाहिये एवं धरोहर राशि रुपया 02 लाख (रुपया दो लाख) राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा कम्पनी के खाते से लेखाधिकारी, नगर निगम सहारनपुर के पक्ष मे बना होना अनिवार्य है। जो गैराज स्टोर में रखे टैण्डर बॉक्स में निविदा तिथि को सांय 04:00 बजे तक डालना होगा। साथ ही साथ निविदा में आपूर्ति की जाने वाली सामग्री के सैम्पल भी निविदा तिथि को सांय 04:00 बजे तक गैराज स्टोर में जमा कराने होगें। बिना निविदा शुल्क/धरोहर राशि या सैम्पल रहित निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
7. वर्तमान समय में कोविड संक्रमण को दृष्टिगत् रखते हुये 100 किलोमीटर की परीधि में आने वाली फर्मों को प्राथमिकता दी जायेगी।
8. किसी भी आईटम की दरें एम,आर.पी. से अधिक नही होनी चाहिए। यदि दरें अधिक होती है तो समस्त जिम्मेदारी आपूर्तिकर्ता कम्पनी की होगी।
9. आई.एस.ओ. एंव सी.आई.वी. प्रमाणित/पंजीकृत निविदादाता को प्राथमिकता दी जायेगी।
10. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले दिन उसी समय दी जायेगी व अगले दिन उसी समय खोली जायेगी। इस हेतु अलग से कोई सूचना समाचार पत्र मे प्रकाशित नही की जायेगी।
11. उपरोक्त सामान की आपूर्ति नगर निगम के गैराज स्टोर मे करनी होगी। जिसकी कोई अतिरिक्त धनराशि नगर निगम वहन नही करेगा।
12. उक्त दरें पूरे वित्तीय वर्ष के लिये मान्य होगीं।
13. यह निविदा नगर निगम की वेबसाइट **http:://saharanpurnagarnigam.in** पर भी उपलब्ध होगी। निविदा को **www.etender.up.nic.in** वेबसाइट पर ही डाला जा सकता है।
14. नगर आयुक्त को जनहित में किसी भी शर्त को परिवर्तित करने अथवा संशोधित करने का अधिकार होगा।
15. किसी भी वाद विवाद की स्थिति में नगर आयुक्त का निर्णय अंतिम व दोनो पक्षों को मान्य होगा।
16. निविदा डालते समय रुपया 100 के स्टाम्प पर शपथ पत्र के साथ कम्पनी/ठेकेदार का पैन न., जी.एस.टी. का रजि. न. की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
17. निविदादाता को निविदा के साथ कम्पनी/फर्म की तीन वर्ष की बैलेंस शीट एवं तीन वर्षों की आयकर टैक्स रिटर्न की सी.ए. द्वारा प्रमाणित छायापत्रि संलग्न करना होगा।
18. सामग्री की आपूर्ति मानक के अनुरुप की जानी होगी, अन्यथा की दृष्टि में निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुये, काली सूची में डाल दिया जायेगा।
19. निविदादाता को आपूर्ति आदेश निर्गत होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर आपूर्ति करनी होगी, अन्यथा की दृष्टि में निविदादाता की धरोहर राशि जब्त करते हुये, काली सूची में डाल दिया जायेगा।
20. आई0एस0आई0 प्रमाणित उत्पाद को प्रथमिकता दी जायेगी।
21. शर्त पूरी नही करने वाली निविदा एवं सशर्त किसी भी निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा और उसकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
22. किसी भी विवाद की स्थिति मे वाद का निस्तारण सहारनपुर न्यायालय में ही होगा।

सी0एस0आई0 | प्रभारी गैराज | नगर स्वास्थ्य अधिकारी

नगर आयुक्त

नगर निगम, सहारनपुर